Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

**सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक**

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-३० अंक-१४ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६ - ३१ जुलाई २०२१ पृष्ठ ०८ मूल्यः१५ रु.मात्र (रंगीन सहित)

## उत्तर प्रदेश तेजी से देश के अग्रणी निवेश स्थान के रूप में उभर रहा हैः प्रधानमंत्री

रे.स.ब्यूरो./संवा.वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुँच कर करोड़ों की सौगात दी। दिनांक १५.०७.२०२१ को प्रधानमंत्री ने बीएचयू के एडीवी मैदान से बटन दबाकर १५८३ करोड़ की २८० योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें बहुचर्चित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर भी शामिल है। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीएचयू अस्पताल से रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर पहुंचे और इसकी औपचारिक शुरुआत भी की। इस अवसर पर उन्होने कहा कि कि महादेव के आशीर्वाद से काशिवासियों ने विकास की गंगा बहा दी। सैकड़ों करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। बाबा की नगरी थमती और रुकती नही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कई परियोजनाएं प्राचीन शहर काशी के मूल तत्व को सुरक्षित रखते हुए विकास के पथ पर अग्रसर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि राजमार्ग, फ्लाईओवर, रेलवे ओवरब्रिज, भूमिगत वायरिंग, सीवर और पेयजल की समस्याओं का समाधान, पर्यटन को बढ़ावा देने जैसी परियोजनाओं को सरकार की ओर से अभूतपूर्व तरीके से आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया वर्तमान में भी ८००० करोड़ की योजनाओं पर काम चल रहा है, इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना को फिर ताकतवर न होने दे। उन्होंने आगाह किया कि महामारी की गति धीमी होने के बावजूद कोई भी लापरवाही बड़ी लहर को आमंत्रित कर सकती है।



## प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए करूंगा कार्यः अश्विनी वैष्णव



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का ०८ जुलाई, २०२१ को नई दिल्ली में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुनीत शर्मा द्वारा अभिनंदन किया गया।

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल किया गया। जिससे अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंत्रीपरिषद का आकार पहले से बड़ा हो गया है। बुधवार दिनांक ०७.०७.२०२१ को मंत्रिमंडल में ४३ सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही आठ नए चेहरों को भी कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। मंत्रिमंडल में जिम्मेदारियां मिलने के बाद मंत्रियों ने कार्यभार संभालना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अश्विनी वैष्णव ने भी केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री का पद भार ०८ जुलाई, २०२१ को रेल भवन, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन और संचार भवन में पदभार ग्रहण किया। १९७० में जन्मे अश्विनी वैष्णव ओडिशा से राज्य सभा के सदस्य हैं। उन्होंने सुंदरगढ़, बालासोर, कटक और गोवा के लोगों को अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने आईआईटी कानपुर से मास्टर्स इन टेक्नोलॉजी और वॉर्टन से एमबीए की डिग्री हासिल की है। वे अपने साथ प्रौद्योगिकी और वित्त में कौशल और समाज के सबसे कमजोर वर्गो के लिए उसके इस्तेमाल का एक अनूठा मेल लेकर आते हैं। वे अंत्योदय के दर्शन में बहुत मजबूती से यकीन रखते हैं, यानी समाज के वंचित वर्गो के लोगों की जिंदगी का कायापलट करना। उन्होने कहा है कि रेलवे, संचार और प्रौद्योगिकी हर एक भारतीय की जिंदगी को छूते हैं, प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए मैं कार्य करूंगा।

## महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे व पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा भीमसेन-झाँसी खण्ड का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे व पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा वी के त्रिपाठी द्वारा दिनांक ०६.०७.२०२१ अपने दो दिवसीय दौरे के अंतर्गत मंडल के भीमसेन स्टेशन से निरीक्षण किया। त्रिपाठी ने भीमसेन स्टेशन पर स्वीकृत प्रोजेक्ट के तहत बनने जा रहे लॉजिस्टिक पार्क के ले-आउट प्लान का अवलोकन किया तथा डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से पार्क की कनेक्टिविटी हेतु लाइन आदि का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त संदीप माथुर के साथ मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों से मंडल पर चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की।

## टीम मोदी में महिलाओं का बढ़ाया गया प्रतिनिधित्व



रे.स.ब्यूरो/नई दिल्ली। टीम मोदी में महिलाओं का बढ़ाया गया प्रतिनिधित्व है। बुधवार को सात महिला सांसदों को मंत्री बनाया है। सात साल में अब महिला मंत्रियों की संख्या सर्वाधिक ११ हो गई है। सबकी अपनी खासियत है। कोई पूर्व नौकरशाह तो कोई एमबीबीएस डॉक्टर है। मिर्जापुर से सांसद अनुप्रिया पटेल पूर्व में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्यमंत्री रहीं। अब वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सियासी जीवन शुरू करने से पहले एमिटी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर, २०१४ में मिर्जापुर के सांसद बनीं। पिता सोनेलाल पटेल की विरासत संभाल रही अनुप्रिया यूपी की जातिवादी राजनीति से अच्छी तरह वाकिफ हैं। इसी कड़ी में मीनाक्षी लेखी लोकसभा सांसद, नई दिल्ली सुप्रीम कोर्ट की नामी वकील हैं। अब विदेश व सांस्कृतिक राज्य मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रेल अधिकारी

रे.स.ब्यूरो./संवा। टोक्यो जापान में आयोजित होने वाले आगामी ओलंपिक खेलों के दृष्टिगत हर तरफ उत्साह का वातावरण है और इसी क्रम में युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के आह्वान पर चल रहे चीयर ४ इंडिया अभियान के तहत उत्तर मध्य रेलवे द्वारा अपने प्रयागराज, आगरा और झांसी मंडलों में प्रमुख स्टेशनों पर सेल्फी पॉइंट लगाए गए हैं। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अमिताभ ओझा सहित अन्य अधिकारियों ने अपनी पत्नियों के साथ सेल्फी ली।

# रेलवे को एक सेवा के तौर पर नहीं बल्कि एसेट की तरह कर रहे हैं विकसित-पीएम मोदी






रे.स.ब्यूरो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुनर्निर्मित वडनगर रेलवे स्टेशन का शुक्रवार दिनांक १६.०७.२०२१ को डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया और गांधीनगर-वाराणसी ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे देश का लक्ष्य कंक्रीट का स्ट्रक्चर खड़ा करना नहीं हैं। बेहतर पब्लिक स्पेस हमारी जरूरी आवश्यकता है। बतादें कि यह वही रेलवे स्टेशन है जहां प्रधानमंत्री मोदी बचपन में चाय बेचते थे वहीं गुजरात के मेहसाणा जिले में स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गृह नगर है। वडनगर रेलवे स्टेशन के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के पिता दामोदरदास मोदी की चाय की दुकान थी। बचपन के दिनों में, मोदी स्टेशन पर चाय बेचने में अपने पिता की मदद करते थे। पीएम ने नवीनीकृत वडनगर रेलवे स्टेशन के अलावा, कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। इनमें पुनर्विकसित गांधीनगर रेलवे स्टेशन के ऊपर निर्मित एक पांच सितारा होटल और अहमदाबाद में साइंस सिटी शामिल हैं। इसके साथ ही इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर-वरेथा मेमू ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि हम रेलवे को सिर्फ एक सेवा के तौर पर नहीं, बल्कि एक एसेट के तौर पर विकसित कर रहे हैं। आज देशभर में प्रमुख रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। टियर २ और टियर ३ शहरों के रेलवे स्टेशन भी अब वाई-फाई सुविधा से लैस हो रहे हैं। ब्रॉड गेज पर मानव रहित क्रॉसिंग को पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज वडनगर भी इस विस्तार का हिस्सा बन चुका है।

# अब सप्ताह में दो दिन चलेगी प्रयागराज-उधमपुर-प्रयागराज सुपरफास्ट



रे.स.ब्यूरो./संवा। प्रयागराज रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी सं. ०४१४१/०४१४२ प्रयागराज-उधमपुर-प्रयागराज सुपरफास्ट ग्रीष्मकाल विशेष गाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन आवृति में वृद्धि के साथ करने का निर्णय लिया गया है, अब यह गाड़ी साप्ताहिक के स्थान पर सप्ताह में ०२ दिन चलेगी, जो प्रयागराज से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार, दिनांक १६.०७.२१ से २६.११.२१ तक एव उधमपुर से ०४१४२, प्रत्ये्क मंगलवार एवं शनिवार दिनांक २०.०७.२१ से ३०.११.२१ तक चलेगी, यह जानकारी उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डा. शिवम शर्मा ने दी।

# पूरी-अजमेर-पूरी स्पेशल ट्रेन का साबरमती जंक्शन पर ठहराव

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एवं रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देशानुसार रेलवे प्रशासन के द्वारा पश्चिम रेलवे के अमदाबाद रेल मण्डल में स्थित "साबरमती जंक्शन" रेलवे स्टेशन में अतिरिक्त ठहराव की सुविधा प्रदान की जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली ०२०३७/०२०३८ पूरी-अजमेर-पूरी स्पेशल ट्रेन का "साबरमती जंक्शन" रेलवे स्टेशन में अतिरिक्त ठहराव की सुविधा दिनांक १५ जुलाई, २०२१ से प्रदान की गयी है। ०२०३७ पूरी-अजमेर स्पेशल ट्रेन साबरमती जंक्शन रेलवे स्टेशन में १०.२२ बजे पहुचकर १०.२४ बजे रवाना होगी। इसी प्रकार ०२०३८ अजमेर-पूरी स्पेशल ट्रेन साबरमती जंक्शन रेल्वे स्टेशन में ०२.११ बजे पहुचकर ०२.१३ बजे रवाना होगी।

# अनुराग ठाकुर ने सूचना और प्रसारण मंत्री का संभाला कार्यभार



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। सूचना और प्रसारण मंत्री के रूप में अनुराग ठाकुर ने दिनांक ०८.०७.२०२१ को कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुये उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले सात वर्षो के दौरान देश को आगे ले जाने का भगीरथी प्रयास किया है और सूचना और प्रसारण मंत्री होने के नाते यह मेरी जिम्मेदारी होगी कि मैं इस मिशन को आगे बढ़ाऊं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, वे उसे पूरा करने का हर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे मीडिया के सहयोग के आकांक्षी हैं। सूचना और प्रसारण सचिव अमित खरे ने मंत्री का स्वागत किया। विभिन्न मीडिया इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुये अनुराग ठाकुर ने कहा कि वे एक टीम के रूप में सभी मीडिया प्रमुखों के साथ मिलकर काम करेंगे।

# भारत और नेपाल के बीच माल ढुलाई को बड़ा प्रोत्साहन




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। सभी कार्गो ट्रेन ऑपरेटरों को नेपाल जाने वाले भारत और नेपाल के बीच के द्विपक्षीय माल या किसी तीसरे देश से आए माल से लदे सभी कंटेनरों को भारतीय बंदरगाहों से नेपाल तक ले जाने के लिए भारतीय रेल नेटवर्क का उपयोग करने के लिए अधिकृत किये जाने के साथ ही भारत और नेपाल के बीच रेल परिवहन को एक बड़ा प्रोत्साहन मिला। यह उदारवादी कदम बाजार की शक्तियों को नेपाल में रेल के जरिए माल ढुलाई के क्षेत्र में उतरने की अनुमति देगा। यह निर्णय भारत और नेपाल के अधिकारियों के बीच नोट वर्बल्स और विनिमय पत्र (लेटर ऑफ इस एलओई पर हस्ताक्षर "पड़ोसी पहले" नीति के तहत क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने के भारत के प्रयासों की दिशा में एक और मील का पत्थर है। इस समारोह में भारतीय पक्ष का नेतृत्व संजय कुमार मोहंती, सदस्य (परिचालन और व्यवसाय विकास), रेल मंत्रालय ने किया।

नेपाली पक्ष का नेतृत्व वाणिज्य, उद्योग और आपूर्ति मंत्रालय के सचिव दिनेश भट्टराई ने किया।

काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास, भारत के विदेश मंत्रालय के उत्तरी डिवीजन और नेपाली विदेश मंत्रालय के दक्षिण एशिया डिवीजन के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# कैबिनेट विस्तार: ज्योतिरादित्य को मिला सब्र का फल



रे.स.ब्यूरो/नई दिल्ली। मध्यप्रदेश में कमलनाथ की सरकार गिराकर बहुमत नहीं होने के बावजूद भाजपा की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सिंधिया को ईनाम मिलेगा, यह बात जग जाहिर थी। कांग्रेस के दिग्गज नेता माने जाने वाले माधवराव सिंधिया के पुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया को २००१ में अपने पिता के निधन के बाद कांग्रेस ने सिर आंखों पर बिठाया। २००२ में हुए उपचुनाव में वे पहली बार अपने पिता के गुना सीट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। यहां से वे लगातार २००४, २००६ और २०१४ से चुनाव जीते लेकिन २०१६ में हार गए। बीजेपी में शामिल होने के बाद अब वे राज्यसभा सांसद हैं।

१५ महीनों के इंतजार के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में कद बढ़ गया है। सिंधिया कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं।

# ट्रेजेडी किंग को लोगों ने दी श्रद्धांजलि



रे.स.ब्यूरो। हिंदी सिनेमा जगत के महानतम कलाकार दिलीप कुमार के निधन से दुनिया भर में उनके चाहने वालों का दिल बैठ गया है। ट्रेजेडी किंग के नाम से मशहूर दिलीप कुमार को लोगों ने श्रद्धांजलि दी है। वह जितने बड़े अभिनेता थे, उससे कहीं बड़े जिंदादिल इंसान थे। साथी कलाकारों के साथ दिलीप कुमार का इतना मधुर व्यवहार था कि लोग उनसे गहराई तक जुड़ गए। बुधवार दिनांक ०७.०७.२०२१ को उनके निधन की सूचना मिलने के बाद बालीवुड समेत कई कई राज नेताओं ने उन्हे श्रद्धांजली दी।

# विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: उपमुख्यमंत्री



साभारःसूचना विभाग/प्रयागराज। जिला पंचायत भवन के सभागार में वी०के० सिंह को जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सोमवार दिनांक १२.०७.२०२१ को जिला पंचायत अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इसके पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष वी०के० सिंह ने सदस्यों को शपथ दिलायी। इस आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश एवं प्रदेश का सर्वतोमुखी विकास ही केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास का जो महा अभियान चल रहा है, वह आगे भी चलता रहेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पद की शपथ लेने के बाद वी०के० सिंह ने कहा कि जनपद के विकास में वे कोई कोर-कसर नहीं रखेंगे। सामारोह मे मौजूद सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके द्वारा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी के साथ विकास के कार्य किये जायेंगे। इस अवसर पर सांसद रीता बहुगुणा जोशी, सांसद भदोही रमेश बिंद, विधायक फाफामऊ विक्रमाजीत मौर्य, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन बाजपेयी, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, विधायक बारा अजय भारतीय, विधायक मेजा नीलम करवरिया, विधायक राजमणि कोल, विधायक संजय गुप्ता, एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रेल यात्रियों की सुविधा को विशेष रेल गाड़ियों का संचालन

रे.स.ब्यू./सूत्र.झाँसी। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निम्नलिखित विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है जिसमें गाडी संख्या ०६३१७/०६३१८ कन्याकुमारी-वैष्णो देवी धाम कटरा (साप्ताहिक) एक्सप्रेस स्पेशल का संचालन कन्याकुमारी से दिनांक ०६.०७.२१ से (प्रत्येक शुक्रवार) अग्रिम सूचना तक किया जायेगा। गाडी सं ०६३१७ कन्याकुमारी से प्रत्येक शुक्रवार समय १४:१५ बजे प्रस्थान कर झाँसी स्टेशन पर रविवार को समय १३:३० बजे पहुचेगी १३:३८ बजे प्रस्थान कर ग्वालियर स्टेशन पर १४:४८ बजे पहुचेगी, १४:५० बजे प्रस्थान कर अगले दिन सोमवार को समय १०:३५ बजे अपने गंतव्य स्टेशन वैष्णो देवी धाम कटरा पहुचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाडी सं ०६३१८ सोमवार समय २२:३० बजे वैष्णो देवी धाम कटरा स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन मंगलवार को समय १६:५० बजे ग्वालियर स्टेशन पहुचेगी, १६:५२ बजे प्रस्थान कर, समय २१:५५ बजे झाँसी स्टेशन पहुचेगी, समय २२:०३ बजे प्रस्थान कर दो दिन बाद (गुरुवार) को समय २३:२५ बजे अपने गंतव्य स्टेशन कन्याकुमारी पहुचेगी।

# रीवो द्वारा कोविड पीड़ितों की सहायता



साभार कोरः रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन समाज के कमजोर वर्गो की सहायता के लिए प्रतिबद्ध रही है। उसी कड़ी में दिनांक ०८.०७.२०२१ को इस संगठन की अध्यक्षा रचना सिंह, द्वारा रेल विद्युतीकरण अधिकारी क्लब, सिविल लाइन्स, प्रयागराज में कोविड पीड़ितों के सहायतार्थ एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कोविड से मृत्यु उपरान्त रेल कर्मचारियों के प्रत्येक परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में बीस हजार रुपये प्रदान किए गए एवं सभी रेल सहायकों को विशिष्ट कार्य करने हेतु उपहार भी वितरित किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा रचना सिंह, सचिव रेनू गौतम एवं कोषाध्यक्ष निधि गुप्ता सहित समिति की अन्य सदस्या उपस्थित रही।

# मानव संसाधन से जुड़े मुद्दों में देरी स्वीकार्य नहीं: महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे





साभारः महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे वी.के.त्रिपाठी ने रेल कर्मचारियों के कल्याण और स्थापना के मुद्दों की स्थिति की समीक्षा के लिए मंगलवार दिनांक १३.०७.२०२१ को मंडल रेल प्रबंधक और कार्मिक अधिकारियों के साथ बैठक की। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी (पीसीपीओ) उत्तर मध्य रेलवे नंद किशोर ने बताया कि कोविड के कारण मृत्यु से संबंधित लगभग ६०% मामलों का निस्तारण कर दिया गया है। उत्तर मध्य रेलवे कोविड के कारण मृत हुए अपने १५६ कर्मचारियों से संबंधित सभी मामलों को उच्च प्राथमिकता पर निस्तारित कर रहा है। अनुकंपा नियुक्ति के लिए कोविड से होने वाली मौतों के लगभग पचास प्रतिशत मामलों को पहले ही निस्तारित कर दिया गया है और शेष कुछ को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में केवल वही मामले लंबित हैं जिनमें मृतक के परिवारों के नियुक्ति दिए जाने वाले सदस्य के संबंध में परिवार से निर्णय की प्रतीक्षित है। महाप्रबंधक ने मंडलों के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारियों को अपने संबोधन में कहा कि, अपने कर्मचारियों की बुनियादी जरूरतों की अनदेखी करने वाला कोई भी संगठन कुशलता से नहीं चल सकता है। कर्मचारियों को उनका वांछित लाभ निर्धारित समय पर मिलना चाहिए। बैठक में अवधेश कुमार, मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर), मंडल रेल प्रबंधक झांसी संदीप माथुर, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मोहित चंद्र, मंडल रेल प्रबंधक आगरा सुशील श्रीवास्तव और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी आगरा, झांसी और प्रयागराज मानसी, राजेश गुप्ता और राजेश शर्मा ने भाग लिया।

# २६ से प्रतिदिन चलेगी आम्रपाली एक्सप्रेस

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेलवे ने कानपुर सेंट्रल होकर अमृतसर से कटिहार के बीच चलने वाली आम्रपाली एक्सप्रेस के संचालन का फैसला लिया है। यह ट्रेन २६ जुलाई से प्रतिदिन चलेगी। फिलहाल इस ट्रेन का गाजियाबाद में स्टापेज खत्म कर दिया गया है। ट्रेन नंबर ०५७३३ कटिहार से २६ जुलाई को रात १०:४५ बजे चलकर दूसरे दिन शाम ७:५५ बजे कानपुर सेंट्रल और तीसरे दिन दोपहर १२:२० बजे अमृतसर पहुंचेगी। यह जानकारी उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शिवम शर्मा ने दी।




जेडआरयूसीसी सदस्य, रेल मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह को सम्मान स्वरूप रेल समाचार ब्यूरो समाचार पत्र देते हुए जेडआरयूसीसी सदस्य एवं प्रधान संपादक रेल समाचार ब्यूरो ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव।

# सात अगस्त से पटरी पर दौड़ेगी तेजस एक्सप्रेस

रे.स.ब्यू./सूत्र.कानपुर। पहली कारपोरेट ट्रेन तेजस एक्सप्रेस सात अगस्त चलने लगेगी। ट्रेन को चलाने के प्रस्ताव पर रेलवे बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। बतादें कि तेजस एक्सप्रेस लखनऊ से नई दिल्ली, कानपुर सेंट्रल होकर चलती है। वहीं यह ट्रेन सप्ताह में चार दिन चलाई जाएगी। सात अगस्त से तेजस एक्सप्रेस (८२५०१/०२) लखनऊ जंक्शन से शुक्रवार, शनिवार, रविवार व सोमवार को सुबह ६:१० बजे रवाना होकर कानपुर सेंट्रल पर सुबह ७:२० बजे पहुंचेगी। पांच मिनट बाद यहां से रवाना होकर नई दिल्ली दोपहर १२:२५ बजे पहुंचेगी। वापसी में नई दिल्ली से दोपहर ३.४० बजे चलकर रात ८:३५ बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी और पांच मिनट बाद यहां से रवाना होकर रात १०:०५ बजे लखनऊ पहुंचेगी। इसका गाजियाबाद में भी स्टापेज है।

**सम्पादकीय**

# टीम मोदी: योग्यता एवं अनुभव को प्राथमिकता

केंद्रीय मंत्रिपरिषद के विस्तार की प्रतीक्षा आखिरकार पूरी हुई। इस पहले बड़े में क्षेत्रीय और सामाजिक समीकरणों का भी विशेष ध्यान रखा गया। इसके साथ ही नए मंत्रियों के चयन में योग्यता एवं अनुभव को प्राथमिकता भी दी गई। प्रधानमंत्री की टीम केंद्रीय मंत्रिपरिषद के विस्तार के साथ कहीं ज्यादा अधिक सक्षम दिखने लगी है। वहीं मंत्रिपरिषद में युवा चेहरों का प्रतिनिधित्व बढ़ भी गया है इसके साथ ही खास बात यह भी है कि मंत्रिपरिषद के विस्तार में कुछ पुराने मंत्रियों की पदोन्नति यह बताती है कि उन्हें उनके बेहतर काम का पुरस्कार मिला। वहीं जिन अनेक मंत्रियों की छुट्टी की गई, उनमें से उनका बाहर होना आश्चर्यजनक है। इसमें दो मत नहीं कि नई केंद्रीय मंत्रिपरिषद को तेजी के साथ अपना काम करना होगा।ऐसे मंत्रियों के बाहर होने को लेकर जो सवाल उठ रहे हैं, उनका जवाब मिल सके तो बेहतर। चूंकि ऐसे मंत्रियों के बाहर होने का कारण स्पष्ट नहीं, इसलिए कयासबाजी होना स्वाभाविक है। यदि यह कारण स्पष्ट हो सके तो इससे पुराने और साथ ही नए मंत्रियों को संदेश और सबक ग्रहण करने में आसानी होगी। यह इसलिए भी आवश्यकहै, क्योंकि अब मोदी सरकार के कार्यकाल में तीन साल ही बचे हैं। इन तीन सालों में बाधाओं को दूर करने में सफलता तभी मिलेगी, जब नए-पुराने मंत्री न केवल सरकार की, बल्कि आम जनता की अपेक्षाओं पर भी खरे उतरेंगे। इसलिए शेष बचे कार्यकाल में टीम मोदी को इसलिए और भी तत्परता दिखानी होगा, दूसरी ओर कोरोना ने बहुत सा समय बर्बाद करने के साथ ही मोदी सरकार के एजेंडे को जमीन पर उतारने में बाधाएं भी खड़ी कर दी हैं।

# Ashwini Vaishnaw, Union Minister for Railways, Communication, Electronics & Information Technology met Hon'ble Chief Minister , Uttrakhand Pushkar Dhami




**Source: CPRO/NR: Ashwini Vaishnaw, Union Minister for Railways, Communication, Electronics & Information Technology met Hon'ble Chief Minister , Uttrakhand Shri Pushkar Dhami at Rail Bhavan, New Delhi on 15th July, 2021.During the meeting, progress and prospects of various railway projects in the State of Uttrakhand i.e; Tanakpur-Bageshwar Rail Line, Rishikesh-Uttarkashi New Line , Haridwar- Dehradun Doubling, Rishikesh- Dehradun (Rishikesh-Doiwala), Rishikesh- Karnprayag New Line : Solar Power Development, Dhampur- Kashipur New Rail Line and Rishikesh- Karnprayag New Rail Line Projects were discussed in detail. They had also discussed different developmental aspects of Uttrakhand. Shri Vaishnaw assured Shri Dhami that railways shall put extra efforts in coming months to make up for the loss of time due to Covid. Work on the ongoing railway projects in the State of Uttrakhand shall be completed in mission mode.**

# प्रयागराज स्टेशन लॉबी में चलाया गया वैक्सीनेशन अभियान



रे.स.ब्यूरो./संवा। प्रयागराज मण्डल ने कोविड-१६ महामारी से प्रभावी तरीके से लड़ने के लिए अपने कर्मचारियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ १००% वैक्सीनेशन कराने का भी लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में रेलकर्मियों को उनके कार्यस्थल पर जा कर वैक्सीन लगायी जा रही है। वैक्सीनेशन अभियान के क्रम में दिनांक १५.०७.२०२१ को चिकित्सा निदेशक उत्तर मध्य रेलवे डॉ. रूपा कपिल एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमंत बहल के मार्गनिर्देशन में प्रयागराज स्टेशन स्थित लॉबी में वैक्सीनेशन कराया गया। इस अवसर पर डॉ. सुमंत बहल ने बताया कि इस प्रकार के अभियान निरंतर चलाये जा रहे हैं, और भविष्य में इस प्रकार के अभियान चलाये जाते रहेंगे।

# महाप्रबंधक अंजली गोयल ने सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन




रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल की महाप्रबन्धक अंजली गोयल ने २३ जुलाई, २०२१ से जापान में प्रारंभ हो रहे टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु दीर्घा, पटना में लगे सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से टोक्यो आलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया एवं शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि खेल-कूद गतिविधियों में भारतीय रेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। टोक्यो ओलंपिक में भाग ले रहे भारतीय खिलाड़ियों के दल में भारतीय रेल के भी खलाड़ी सम्मिलित हैं। टोक्यो ओलम्पिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के प्रोत्साहन एवं उनका मनोबल बढ़ाने हेतु चलाये जा रहे राष्ट्रीय अभियान के अन्तर्गत पूर्व मध्य रेल के महत्वपूर्ण स्टेशनो, कार्यालय भवन तथा स्टेडियमों में सेल्फी प्वाइंट बनाये जा रहे है। इससे खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के साथ जन-सामान्य में खेलों तथा बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

# झांसी मंडल ने पेट्रोलियम लदान में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



रे.स.ब्यू./सूत्र.झाँसी। कोविड-१६ के दौरान विषम परिस्थितियों के बावजूद झाँसी मंडल निरन्तर उपलब्धियों की नई सीढ़ियां चढ़ता चला जा रहा है। मंडल द्वारा पेट्रोलियम लोडिंग में भी निरंतर बेहतर प्रदर्शन किया जा रहा है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम एच पी टी आर साइडिंग से जून माह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया है। इस साइडिंग से माह जून २१ में ११७ रैकों के माध्यम से ५६८७ वैगन लोड किये गए, जिससे लगभग रू. ३८.६७ करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। जो की पिछले वर्ष समान अवधि में प्राप्त राजस्व से लगभग ३५ प्रतिशत अधिक रहा । इसी क्रम में मंडल द्वारा माह जून २०२१ में फ्लाई एश लदान में भी अब तक का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर के दिशा-निर्देशन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित के नेतृत्व में विशेष ध्यान दिया जा रहा है कि सभी लोडिंग अनलोडिंग पॉइंट्स पर कोविड प्रोटोकॉल का नियमित रूप से पालन हो, तथा किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

# स्पेशल ट्रेन से रेल यात्रियों की राह होगी आसान

रे.स.ब्यूरो/नई दिल्ली। यात्रियों की राह आसान करने के लिए रेलवे कुछ स्पेशल ट्रेन चलाने के साथ ही लंबी दूरी की ट्रेनों में आरक्षण की सुविधा भी शुरू कर दी है। बतादें कि यह स्पेशल ट्रेन होगी और इसमें किराया भी ज्यादा होगा। जिसमें ट्रेन संख्या ०६३१७ कन्याकुमारी-कटरा साप्ताहिक स्पेशल ६ जुलाई से, ट्रेन संख्या ०६३१८ कटरा-कन्याकुमारी साप्ताहिक स्पेशल १२ जुलाई से चलेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या ०२६८७ मदुरई-चंडीगढ़ द्विसाप्ताहिक स्पेशल ११ जुलाई से चलेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या ०२६८८ चंडीगढ़-मदुरई द्विसाप्ताहिक स्पेशल१६ जुलाई से चलेगी। ट्रेन संख्या ०५७३३ कटिहार-अमृतसर दैनिक स्पेशल २६ जुलाई से चलेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या ०५७३४ अमृतसर-कटिहार दैनिक स्पेशल २६ जुलाई से चलेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या ०५७१५ किशनगंज-अजमेर सप्ताह में ३ दिन चलेगी। यह ट्रेन २३ जुलाई से चलेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या ५७१६ अजमेर- किशनगंज सप्ताह में ३ दिन २६ जुलाई से चलेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या ०३४३५ मालदा टाउन-आंनद विहार साप्ताहिक समर स्पेशल २७ सितंबर तक व ट्रेन संख्या ०३४३६ आंनद विहार-मालदा टाउन साप्ताहिक समर स्पेशल को २८ सितंबर तक चलाने का निर्णय लिया है।

# पांच लाख के रेल टिकट के साथ टिकट दलाल पकड़े

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। रायबरेली के सरेनी बाजार में छापा मारकर उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की आरपीएफ टीम ने दो टिकट दलाल पकड़े हैं। वे प्राइवेट आईडी पर टिकट बना रहे थे। उनके पास से सैकड़ों टिकट बरामद किए गए हैं, जिनकी कीमत पांच लाख रुपये के आसपास है। सीनियर डीसीएम जगतोष शुक्ल ने बताया कि वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देशन में आरपीएफ के दस्ते ने सोमवार दिनांक १२.०७.२०२१ को प्रशंसा इंटरप्राइजेज और आदित्य सहज जनसेवा केंद्र पर छापा मारकर सैकड़ों टिकट बरामद किए हैं।

# टोक्यो ओलंपिक मे स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को छह करोड़ देगी यूपी सरकार



रे.स.ब्यू./सूत्र। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एलान किया है कि उनको प्रदेश सरकार छह करोड़ रुपये का ईनाम देगी। वहीं उन्होने यूपी के ऐसे १० खिलाड़ियों का जिक्र किया जो कि टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्पर्धा में विजेता खिलाड़ी को स्वर्ण पदक जीतने पर छह करोड़ जबकि टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को तीन करोड़ रुपये का ईनाम दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश सरकार प्रत्येक खिलाड़ी को १० लाख रुपये प्रोत्साहन राशि भी देगी। यह बात उन्होने वाराणसी दौरे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा। बता दें कि 'खूब खेलो, खूब बढ़ो मिशन के तहत चलने वाली योजना के तहत प्रदेश भर में खेल सुविधाओं में इजाफा किया गया है ताकि प्रदेश का खेल भविष्य बेहतर बने। साथ ही खेल एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए तमाम योजनाएं भी यूपी सरकार द्वारा बनाई गई हैं।

# कैबिनेट ने केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता किया बहाल



रे.स.ब्यूरो/नई दिल्ली।केंद्र सरकार के कर्मचारियों को दिए जाने वाले महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों को दी जाने वाली महंगाई राहत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट समिति ने ०१.०७.२०२१ से बढ़ाकर २८% करने की मंजूरी दे दी, जो मूल वेतन/पेंशन के १७% की मौजूदा दर में ११% की वृद्धि को दर्शाता है। कोविड-१६ महामारी से उत्पन्न्न हुई अप्रत्याशित स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार के कर्मचारियों को दिए जाने वाले महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशन- भोगियों को दी जाने वाली महंगाई राहत (डीआर) की तीन अतिरिक्त किस्तों, जो ०१.०१.२०२०, ०१.०७.२०२० और ०१.०१.२०२१ से देय थीं, पर रोक (फ्रीज) लगा दी गई थी। अब सरकार ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को दिए जाने वाले महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों को दी जाने वाली महंगाई राहत को ०१.०७.२०२१ से बढ़ाकर २८% करने का निर्णय लिया है, जो मूल वेतन/पेंशन के १७% की मौजूदा दर में ११% की वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि ०१.०१.२०२०, ०१.०७.२०२० और ०१.०१.२०२१ को देय अतिरिक्त किस्तों को दर्शाती है। ०१.०१.२०२० से लेकर ३०.०६.२०२१ तक की अवधि के लिए महंगाई भत्ता/महंगाई राहत की दर १७% पर ही यथावत रहेगी।

# उत्तर मध्य रेलवे में स्थापित हुई आधुनिक साइबर सेल




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विनय कुमार त्रिपाठी, महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने दिनांक १४ जुलाई २०२१ को आयोजित एक समारोह के दौरान उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय सूबेदारगंज, प्रयागराज में साइबर सेल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रविन्द्र वर्मा पीसीएससी/उत्तर मध्य रेलवे एवं मुख्यालय के अन्य पीएचओडी सहित तीन मंडलों प्रयागराज, झांसी एवं आगरा के डीआरएम सहित शाखा अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। पीसीएससी ने बताया कि नया साइबर सेल आधुनिक उपकरणों जैसे डेस्कटॉप, लैपटॉप, लेजर प्रिंटर, कैमरा, राइटर ब्लॉकर, इमेजिंग टूल, फोरेंसिक फाल्कन, सीडीआर, आईपीडीआर और डंप डेटा एनालाइजर आदि से लैस है। इस सेल का प्रबंधन ०१ इंस्पेक्टर द्वारा ०३ अन्य कर्मचारियों के साथ किया जाएगा। गौरतलब है कि यह साइबर सेल डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने और साइबर जांच तकनीकों के उपयोग में मददगार होगा। इसके अलावा यह टाउटिंग रोकने में प्रभावी और यात्री सामान की चोरी का विश्लेषण, कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण, टावर डंप डेटा और जियो लोकेशन आदि में भी मददगार होगा। इस अवसर पर बोलते हुए महाप्रबंधक वी. के. त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में इस साइबर सेल की स्थापना के साथ, हमारे आरपीएफ कर्मी अधिक प्रभावी ढंग से काम करेंगे, क्योंकि डिजिटल साक्ष्य धीरे- धीरे जांच प्रक्रिया में बहुत महत्वपूर्ण उपकरण बन गए हैं। पीसीएससी रवींद्र वर्मा ने इस सेल की स्थापना में बहुमूल्य योगदान के लिए सीएओ/सी शरद मेहता, पीसीएसटीई अरुण कुमार, डीआरएम/प्रयागराज मोहित चंद्र और अन्य अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

# अपने परिजन के नाम ट्रांसफर करा सकते हैं रेल टिकट



रे.स.ब्यूरो/नई दिल्ली।भारतीय रेलवे देश में यात्रा करने के लिए सबसे ज्यादा आरामदायक और सुविधाजनक माध्यम है, लेकिन इसकी कई सुविधाओं के बारे में रेल यात्रियों को नहीं पता होता है। वहीं अगर यात्रा से ठीक पहले किसी यात्री के सामने कुछ ऐसी समस्या आ जाती है की वह खुद यात्रा नहीं कर सकता तो एसी स्थिती मे वह टिकट कैंसिल कराकर किसी अन्य परिजन के नाम से नई टिकट बुक करा सकते हैं। भारतीय रेलवे के नियमों के अनुसार यात्री अपने टिकट को अपने किसी परिजन के नाम पर ट्रांसफर करा सकते हैं। इसके लिए प्रस्थान से २४ घंटे में पहले नजदीकी रेलवे रिसजर्वेशन काउंटर पर जाना होगा। इसके बाद आपको काउंटर पर टिकट की कॉपी दिखानी होगी और अपनी आईडी के साथ परिजन की आईडी भी दिखानी होगी, जिसके नाम पर टिकट ट्रांसफर करानी है। वहीं यह भी ध्यान रखना होगा कि टिकट का ट्रांसफर आप सिर्फ अपने माता, पिता, भाई, बहन, पुत्र, पुत्री, पति और पत्नी के नाम पर ही करा सकते हैं। अगर आपके अपने किसी दोस्त के नाम पर टिकट ट्रांसफर कराना चाहते हैं तो ये संभव नहीं होगा।

# प्रदेश के निजी विद्यालय सूचना अधिकार अधिनियम के दायरे में

साभार:सूचना एवं जनसंपर्क विभाग। उत्तर प्रदेश के सभी निजी विद्यालय सूचना अधिकार अधिनियम के दायरे में माने जाएंगी। अब निजी विद्यालय सूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत मांगी गयी सूचना देने के लिए बाध्य होंगे। राज्य सूचना आयुक्त प्रमोद कुमार तिवारी ने संजय शर्मा बनाम ज०सू०अधिकारी/मुख्य सचिव उ०प्र० शासन, लखनऊ के विषय में योजित अपील के निस्तारण में यह व्यवस्था दी है। उन्होंने मुख्य सचिव उ०प्र० शासन को यह संस्तुति की है कि जन सूचनाओं की महत्ता को देखते हुए निजी विद्यालयों प्रबन्धकों को भी जन सूचना अधिकारी घोषित करने की व्यवस्था करें। उल्लेखनीय है कि निजी विद्यालय सूचना का अधिकार अधिनियम-२००५ के तहत इस आधार पर सूचना नहीं देते थे कि वे राज्य द्वारा वित्त पोषित नहीं है एवं वे अधिनियम की परिधि से बाहर हैं। ऐसी स्थिति में जिला शिक्षाधिकारी उक्त प्रपत्रों में उल्लिखित सूचनाओं को धारित करते हैं, एवं वे प्रपत्रों में वर्णित समस्त सूचनाओं को आर०टी०आई० एक्ट की धारा-६(१) के तहत मांगे जाने पर याची को देने के लिए बाध्य है।

# अपर महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे ने किया मंडुवाडीह स्टेशन का निरीक्षण




रे.स.ब्यूरो./संवा.वाराणसी। अपर महाप्रबंधक,पूर्वोत्तर रेलवे अमित कुमार अग्रवाल ने १४ जुलाई,२०२१ को मंडुवाडीह रेलवे स्टेशन,मंडुवाडीह स्टेशन पर स्थापित क्विक वाटरिंग प्लान्ट, मंडुवाडीह कोचिंग डिपो तथा वहाँ नवस्थापित ऑटोमेटिक ट्रेन वाशिंग सिस्टम प्लान्ट ,निर्माणाधीन वाशिंग पिट, अनुरक्षित रेकों, बहुविषयक प्रशिक्षण संस्थान कोचिंग डिपो,वाराणसी सिटी स्टेशन पर वाशिंग पिट एवं परिचालनिक सुगमता के कार्यो समेत स्टेशन पर चल रहे यात्री सुविधा विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑटोमेटिक ट्रेन वाशिंग सिस्टम में मंडुवाडीह-नई दिल्ली सुपरफास्ट की स्वचालित सफाई भी देखी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विजय कुमार पंजियार ,अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा प्रवीण कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन एस. पी.एस.यादव,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय) राकेश रंजन,आदि वरिष्ठ मंडलीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कोर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन

साभार कोरः केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, मुख्यालय प्रयागराज में को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आभासी (Virtual) माध्यम से मनाया गया। इस साल की थीम "योगा फॉर वेलनेस" रही। दिनांक २१ जून २०२१ इस अवसर पर कोर के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह ने कोर एवं परियोजना के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अपना संदेश दिया तथा सभी को अपने परिवार के साथ नियमित रूप से योग का अभ्यास करने और दोस्तों को भी स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की शपथ दिलायी।



उन्होने बताया कि योग का जन्म भारत के गर्त में कही छिपा है। हमारे ग्रन्थों में योग का महत्व है जो अब पूरे विश्व का हिस्सा है। उन्होने कहा कि योग का अभ्यास एक बेहतर इंसान बनने के साथ- साथ तेज तेज दिमाग, स्वस्थ दिल और एक सुकून भरे शरीर को पाने के तरीकों में से एक है।

# एक जुलाई से बदला कई ट्रेनों का समय

रे.स.ब्यू./सूत्र। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा एक जुलाई से विशेष ट्रेनों के संचालन समय में कुछ स्टेशनों पर परिवर्तन किया गया है। जिसमें ०२५८२ नई दिल्ली-मंडुवाडीह विशेष गाड़ी संशोधित समयानुसार ज्ञानपुर स्टेशन से ०८.५० बजे चलेगी। वहीं ०१०६१ लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर संशोधित समयानुसार भुलनपुर स्टेशन से १२.०६ बजे, वाराणसी कैंट से १२.३५ बजे, वाराणसी सिटी १२.४७ बजे, सारनाथ से एक बजे और औड़िहार से १.२२ बजे छूटेगी।

# झांसी रेलवे स्टेशन का नाम होगा अब रानी लक्ष्मीबाई

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। उत्तर प्रदेश में शहरों और रेलवे स्टेशनों के नाम बदले जाने के क्रम में अब झांसी रेलवे स्टेशन का भी नाम बदला जाएगा। बतादें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने रेलवे बोर्ड को नाम बदलाव का प्रस्ताव में भेजा है। रेलवे बोर्ड भी इस पर विचार करके जल्द ही झांसी रेलवे स्टेशन का नाम रानी लक्ष्मीबाई के नाम कर देगा। वीरांगना की जन्मस्थली पर काशी में सरकार की खुशियां मनाई गई। वाराणसी में महारानी लक्ष्मीबाई जन्म स्थान स्मारक समिति के प्रभुनाथ त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की यह बहुत ही सराहनीय पहल है कि उन्होंने महारानी के नाम पर एक रेलवे स्टेशन का नाम किया। वही कार्यक्रम संयोजक एवं जागृति फाउंडेशन के महासचिव रामयश मिश्र ने कहा कि झांसी रेलवे स्टेशन का नाम रानी लक्ष्मीबाई के नाम रखने का प्रस्ताव भेजा गया है।

# कोच एम.एल.आर.कारखाने में कोविड वेक्सीनेशन का आयोजन

साभारः जिला प्रशासन द्वारा झांसी में कोच एम.एल.आर. कारखाने में कोविड टीकाकरण केम्प का आयोजन किया गया। दिनांक २४ जून २०२१ को इस आयोजन के आरंभिक चरण में जिला प्रशासन के द्वारा रेल कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों को टीकाकरण के फायदे एवं उससे जुड़ी भ्रांतियों का निराकरण किया। कोच एम.एल. आर.कारखाना कर्मचारी, वैगन मरम्मत कारखाना व लेखा विभाग के कर्मचारियों ने टीकाकरण हेतु बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें ११० सरकारी कर्मचारी व गैर सरकारी कर्मचारी भी शामिल रहे। इस आयोजन के उपरांत कोच एम.एल.आर.कारखाने में कार्यरत कर्मचारियों का कोविड टीकाकरण में ८५ प्रतिशत हो गया है। इस अवसर पर मुख्य कारखाना प्रबंधक दीपक निगम एवं उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कौशल किशोर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# डॉक्टर्स डेः धरती के भगवानों को लील गया कोरोना

रे.स.ब्यू./सूत्र। कानपुर मे इंसानियत की मिसाल पेश करने वाले ऐसे डॉक्टरों को हम डॉक्टर्स डे पर सलाम करते हैं। कोरोना की दूसरी लहर में डॉक्टरों ने अपनी जान पर खेलकर मरीजों की जान बचाई है। जो डॉक्टर कोरोना के साथ जंग में लड़ते हुए शहीद हुए हैं, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हम ऐसे कुछ डॉक्टरों की मिसाल भी पेश कर रहे हैं जो कोरोना से लड़े और झुके नहीं, लोगों को बचाने में जान लगा दी। आईएमए के १५ डॉक्टरों ने कोरोना से जान गंवाई है जिनमें डॉ. एसी शुक्ला डॉ. ईश्वरचंद्र खरे डॉ.बीके सिंघनिया डॉ. सावित्री सिंघानिया डॉ. गुलाब अग्रवाल डॉ. अजीत कुमार मथुरिया डॉ. पीसी गुप्ता डॉ. एसबी मेहरोत्रा डॉ. आरपी तिवारी डॉ. एनएस दीक्षित डॉ. एससी बाधवानी डॉ. रामनरेश गुप्ता डॉ. विजय कुमार सिंह डॉ. निखिल कुमार डॉ. आरके महाजन शामिल हैं।

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने की अधिकारियों के साथ संरक्षा बैठक



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा विषयों की दिनांक २६ जून, २०२१ को, समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस बैठक में उत्तर मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक रंजन यादव, उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष और प्रयागराज, झांसी और आगरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और मुख्यालय और मंडलों के अन्य अधिकारी शामिल हुए। बैठक में उत्तर मध्य रेलवे के जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रयागराज मे यमुना नदी पर स्थित नैनी ब्रिज के विषय में निर्मित वृत्तचित्र को रिलीज किया। ज्ञात हो कि, यमुना ब्रिज नैनी भारतीय रेल के गौरवमयी इतिहास का योग्य भागीदार और मौन साक्षी है। बता दें कि यह पुल ब्रिटिश काल में मात्र ४४ लाख ४६ हजार ३०० रुपए की लागत से बनाया गया था। वहीं सरंक्षा विषय पर चर्चा करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि परिचालन में संरक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार से कोई कमी स्वीकार्य नही है। महाप्रबंधक ने विभिन्न स्थानों पर निर्माणाधीन आरओबी और आरयूबी के निर्माण को भी तेज गति से करने पर भी ने बल दिया।

# शिकायतों के निस्तारण में उदासीनता बर्दाश्त नहीं -जिलाधिकारी

साभारःसूचना विभाग। जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में आई०जी०आर०एस० (समविन्त शिकायत निवारण प्रणाली) के माध्यम से प्राप्त मुख्यमंत्री संदर्भ, आयुक्त संदर्भ तथा तहसील दिवसों पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण सम्बंधी बैठक की गयी। दिनांक २५.०६.२०२१ को बैठक में जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिये है कि जो भी प्राप्त शिकायतें है, उसका निस्तारण समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ हो, कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं रहना चाहिए। जबसे शिकायत प्राप्त हो तभी से उस कार्यो में लगकर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कुछ विभागों के शिकायतों का निस्तारण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है, जिसमें चिकित्सा विभाग, हाइड्रिल, राजस्व, आपदा चिकित्सा शिक्षा, चकबंदी आदि के साथ-साथ सभी अन्य विभागों को भी समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। बैठक में एडीएम सिटी अशोक कुमार कनौजिया सहित सभी सम्बंधित विभाग के नोडल उपस्थित रहे।

# गंगा नदी हमारे देश व संस्कृति की पहचान-मण्डलायुक्त




साभारःसूचना विभाग। गंगा को निर्मल बनाने में लोगो की जागरूकता व सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रयागराज से १६ दिसम्बर, २०२० को प्रयागराज से गंगोत्री व गंगोत्री से प्रयागराज के लिए शुरू की गयी अतुल्य गंगा परिक्रमा पदयात्र २३ जून, २०२१ को १६० दिन में ५५३० कि०मी० की यात्रा पूरी करते हुए प्रयागराज में समाप्त हुई। इस उपलक्ष्य में सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में पदयात्रा पूरी करने वाले व वृक्षमाल से जुड़े हुए लोगो को मण्डलायुक्त संजय गोयल व आईजी कविन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त संजय गोयल ने कहा कि गंगा नदी हमारे देश व हमारी संस्कृति की पहचान है साथ ही अमूल्य ६ ारोहर भी है। उन्होंने कहा कि पदयात्रा में गंगा के किनारों पर करायें गयें वृक्षारोपण का कार्य प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में उपस्थित आईजी के०पी० सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये और पदयात्रा में शामिल लोगो को सम्मानित करते हुए बधाई भी दी।

# किसान रेल से देश भर के बाजारों तक पहुंच रहा है सामान

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे, अपने अखिल भारतीय नेटवर्क के साथ, रेल द्वारा परिवहन को प्रोत्साहित करते हुए कृषि क्षेत्र में आय बढ़ाने की सरकारी योजना का एक अभिन्न अंग है। किसान रेल के शुभारंभ ने किसानों को भारतीय बाजारों तक व्यापक पहुंच प्रदान की है। किसान रेल अब तक २.७ लाख टन माल पहुंचा चुकी है। अब तक ६० रेलमार्गों को संचालित किया जा चुका है। किसान रेल ट्रेन सेवाओं का शुभारंभ करने की योजना बनाने के लिए रेलवे, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, राज्य सरकारों के (कृषि/ बागवानी/मत्स्य पालन विभाग, आदि सहित) स्थानीय निकायों और एजेंसियों एवं मंडियों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ निरंतर प्रयास में जुटा है। केंद्रीय बजट २०२०-२१ में की गई घोषणा के अनुपालन में, भारतीय रेलवे द्वारा उत्पादन या अधिशेष क्षेत्रों से खराब होने वाले और कृषि-उत्पादों (फलों, सब्जियों, मांस, पोल्ट्री, मत्स्य और डेयरी उत्पादों सहित) को खपत या कमी वाले क्षेत्रों के लिए स्थानांतरित करने हेतु किसान रेल ट्रेनों का शुभारंभ किया गया है। बतादें कि किसान रेल योजना के तहत देवलाली (महाराष्ट्र) और दानापुर (बिहार) के बीच पहली रेल को रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कृषि और कृषक कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा ०७.०८. २०२० को हरी झंडी दिखाई गई थी। इस ट्रेन के संचालन को बाद में संगोला और मुजफ्फरपुर (बिहार) के बीच तक बढ़ा दिया गया है। वहीं प्रधानमंत्री द्वारा २८ दिसंबर २०२० को सांगोला (महाराष्ट्र) और शालीमार (पश्चिम बंगाल) के बीच किसान रेल योजना के तहत १००वीं यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में हिंदी कार्यशाला संपन्न




रे.स.ब्यू./सूत्र। बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न विभागों के राजभाषा नोडल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 'गूगल मीट' के माध्यीम से वर्चुअल हिंदी कार्यशाला का आयोजन दिनांकः २५.०६.२०२१ को किया गया।

इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों में राजभाषा हिंदी के उत्तारोत्तर प्रयोग से संबंधित 'मासिक प्रगति रिपोर्ट को व्यवस्थित तरीके से भरने एवं प्रस्तुत करने के बारे में बताया गया। सभी मदों पर चर्चा प्रजेंटेशन के माध्यध्म से वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी विक्रम सिंह ने की सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रिपोर्ट के लिए अपेक्षित कुल १२ मदों के बारे में विस्तारर से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के संचालन एवं प्रबंधन में पी.के.गवेल, वरिष्ठ अनुवादक,पी.एल. जाटवर, वरिष्ठ अनुवादक एवं सावन सिंह कंवर, कार्यालय सहायक की विशेष भूमिका रही।

# लखनऊ से रायपुर के लिए ०१ जुलाई से स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। रेल यात्रियो की सुविधाओ एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा रायपुर एवं लखनऊ के मध्य ०५३०५ /०५३०६ लखनऊ-रायपुर-लखनऊ स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन ०५३०५ लखनऊ-रायपुर स्पेशल ट्रेन लखनऊ से दिनांक ०१ जुलाई, २०२१ से आगामी आदेश तक लखनऊ से प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को १४:१० बजे लखनऊ से रवाना होकर अगले दिन ०५:०५ बजे उसलापुर, ०६:०१ बजे भाटापारा, ०७:०५ बजे रायपुर पहुंचेगी। विपरीत दिशा में भी गाड़ी संख्या ०५३०६ रायपुर-लखनऊ स्पेशल ट्रेन दिनांक ०२ जुलाई २०२१ से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को रायपुर से १२:०५ बजे रवाना होकर १२:५३ बजे भाटापारा, १४:०५ बजे उसलापुर होते हुए अगले दिन सुबह ५:१० बजे लखनऊ पहुंचेगी। इस गाड़ी में दो पावरकार, १० एसी-।।। सहीत कुल १२ कोच रहेंगे।

# डॉक्टर्स डे पर समर्पित



जब काँप रही थी यह धरा, और नील गगन था रो पड़ा
जब चीख मची थी चहुँ ओर, उफ्फ त्रहि माम् उफ्फ त्रहि माम।

जब छूने और पास आने का डर, मौत बन कर छाया था
जब दूर हो गया था खून खून से, और अपनों ने विलगाया था।

तब अपने कर्मो को सर्वोपरि रख, जिसने गले लगाया था
आज नमन है उन देवों को, जो देवदूत बन छाया था।

न छूने से डर खाया उसने, न मरने से घबराया था
बिसरा कर अपने बच्चों को, गैरों को अपनाया था।

कभी फर्श पर कभी मेज पर, सोकर नींद भगाया था
भूख प्यास को दबा दबा कर, पी पी किट में स्वेद बहाया था।

यह सच है कि कृति हैं हम ईश्वर की ईश्वर ने हमें बनाया है
पर सच यह भी है इस धरती का, मानव ने डॉक्टर में ईश्वर पाया है

है शत शत नमन धरती के देवों, अर्पित है सुमन हमारा
रोग मुक्त कर इस धरती को, अपना यश फैलाना।।



शन्नो श्रीवास्तव
८०६, बी १२ ए आर पी एस सवाना
ग्रेटर फरीदाबाद, हरियाणा,६६११७६२४५५

# लापरवाहीः प्रयागराज में मिले नौ और संक्रमित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना की संभावित तीसरी लहर का खतरा मंडरा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार दिनांक १४.०७. २०२१ को जिले में नौ नए संक्रमित मिले। लोगों में लापरवाही फिर दिख रही है जिसके कारण छह दिन में अबतक ४४ संक्रमित मिल चुके हैं। मंगलवार को दस, सोमवार को चार, रविवार को आठ, शनिवार को पांच व शुक्रवार को आठ लोग कोरोना की चपेट में आए थे। संक्रमण का शिकार होने वालों में बुधवार को भी शहरी क्षेत्र के अधिक रहे। नौ में से सात शहरी इलाकों के रहने वाले हैं। एसआरएन में एक मरीज भर्ती हुआ। यहां अब दस मरीज इलाजरत हैं। बुधवार को १६ लोग स्वस्थ हुए, जबकि एक मरीज डिस्चार्ज हुआ। बाकी १८ मरीज होम आइसोलेशन में ठीक हुए। विभाग ने बुधवार को अलग-अलग जगह ६८२८ लोगों की जांच की।

# उत्तर मध्य रेलवे में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। योग फॉर वेलनेस की थीम के साथ उत्तर मध्य रेलवे में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक २१.०६.२०२१ को, मनाया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे रंजन यादव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाकर शिविर का शुभारंभ किया और महाप्रबंधक का संदेश भी पढ़ा गया। इस योग सत्र का उत्तर मध्य रेलवे के यूट्यूब चैनल पर लाइव वेबकास्ट किया गया ताकि घर पर अधिक से अधिक लोग योग अभ्यास कर सकें। इस अवसर पर बोलते हुए रंजन यादव ने कहा कि योग संस्कृत शब्द "युज" से बना है। युज का अर्थ है जुड़ना। दिव्य चेतना में विलीन हो जाना। शरीर में बेचैनी के बिना स्थिर मन ही योग है। योग तन और मन की शांति है। उन्होंने सभी से योग को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में मंडल रेल प्रबंधकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा तथा कार्यशालाओं में मुख्य कार्यशाला प्रबंधकों एवं रेलकर्मियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रमों का आयोजन सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए और कोविड से संबंधित अन्य सभी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किया गया।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

# यूपी मिशन २०२२:योगी के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा विधानसभा चुनाव

रे.स.ब्यूरो./संवा.वाराणसी। पीएम नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में खुले मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की और साफ कर दिया कि आगामी विधानसभा - २०२२ चुनाव योगी के नेतत्व में ही लड़ा जाएगा। पीएम ने योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा में कहा कि वे ऊर्जा लगाकर एक एक विकास योजनाओं की समीक्षा खुद करते हैं। उनके इसी प्रयास से आधुनिक यूपी बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। पीएम ने यूपी की कानून व्यवस्था पर अपनी सरकार की पीठ थपथपाई तो विपक्ष को निशाने पर लेना नहीं भूले। उन्होने भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद पर भी तंज कसा। गैर भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बहनों-बेटियों की सुरक्षा को लेकर मां-बाप हमेशा डर और आशंकाओं में जीते थे। स्थिति बदली है और आंख उठाने वाला कोई नहीं बचा है।



# स्वास्थ्य मंत्रालय ने की कोरोना की तैयारियों की समीक्षा

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्वास्थ्य सचिवों और सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिनांक १५.०७.२०२१ को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हाल में स्वीकृत २३,१२३ करोड़ रुपए के भारत कोविड-१६ आपात-कालीन प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी पैकेजः चरण २ के अंतर्गत तैयारियों की समीक्षा की। आपात कालीन कोविड-१६ प्रतिक्रिया पैकेज (ईसी आरपी) के दूसरे चरण में केंद्रीय क्षेत्र (सीएस) और केंद्र प्रायोजित योजनाएं (सीएसएस) घटक हैं। इस योजना का उद्देश्य शिशु देखभाल सहित स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के विकास पर तेजी से ध्यान केंद्रित करने और मापने योग्य परिणामों के साथ शीघ्र रोकथाम, पता लगाने और प्रबंधन के लिए तत्काल जवाबदेही के लिए स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारी में तेजी लाना है। इससे ग्रामीण, निकटवर्ती-शहरी और जन जातीय क्षेत्रों में विकेंद्रीकृत जन स्वास्थ्य कार्यों और जन स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी।





दानवे रावसाहेब दादाराव ०८ जुलाई, २०२१ को नई दिल्ली में रेल राज्य मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण करते हुए।



श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश ०८ जुलाई, २०२१ को नई दिल्ली में रेल राज्य मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण करती हुईं।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो
कैम्प कार्यालयः ८४३६, आर्य नगर, पहाड़गंज दिल्ली - ५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन.आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८
मो.६७६३६५६०४४, ६६३५२२४८६७
फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

